I hereby certify that the above-mentioned sum of Rs 6834035.00 [illegible] above-named certificate is holder from the above named certificate de[illegible] signed on requisition sent under section 5 [illegible]

I further certify that the above mentioned sum of Rs 6834035.00 [illegible] recoverable and that its recovery by suit is not barred by law.

Dated the .... day of Year-20

[illegible]

Su[illegible]

24-

31

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सहरसा।

पत्रांक ....47/अ.का.

प्रेषक,

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, सहरसा।

सेवा में,

श्री विद्याभूषण सिंह
सरकार के अवर सचिव,
ग्रामीण कार्य विभाग, पटना।

सहरसा दिनांक 12-01-18

विषय : C.A.G की लंबित कंडिका 04.2.4 CWJC No. 4570/07 की अनुपालन के संबंध में।

प्रसंग : अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, सहरसा का पत्रांक 1192 दिनांक 26.08.09 एवं पत्रांक 374 दिनांक 12.05.15 तथा इस कार्यालय का पत्रांक 526 दिनांक 24.03.17 एवं पत्रांक 1731 दिनांक 11.11.17

महाशय,

उपरोक्त विषयक प्रासांगिक पत्र के अनुपालन में विषयगत मामले में शिवकृष्णा विल्डर्स प्रा.लि. बैजनाथपुर, सहरसा से कुल 5728843.00 रू. वसूल करने हेतु निदेशित किया गया था जिसमें 4811729.00 रू. इस कार्यालय के पत्रांक 526 दिनांक 24.03.17 एवं 917114.00 रू. इस कार्यालय के पत्रांक 1731 दिनांक 11.11.17 द्वारा वसूली संबंधी प्रतिवेदन समर्पित किया गया है। सुलभ प्रसंग हेतु उक्त पत्र की छायाप्रति पुनः आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित की जाती हैं।

अनु. – यथोक्त।

विश्वासभाजन

12.1.2018

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल,
सहरसा।

5.0-10
15.1.18

327(U.S)
16/8/18

18-1-18

81(10-5)
18.1.18

- —25 -

-33-32

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सहरसा।

पत्रांक ....

प्रेषक,

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, सहरसा।

सेवा में,

सचिव,
ग्रामीण कार्य विभाग,
पटना।

सहरसा दिनांक ....

विषय : सी.डब्ल्यू. जे.सी नं. – 4570/07 शिवकृष्णा बिल्डर्स बनाम राज्य सरकार एवं अन्य के आलोक में पारित न्याय निर्णय के अनुपालन में अवशेष राशि का बैंक ड्राफ्ट जमा करने के संबंध में।

प्रसंग : सरकार के उप सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग का पत्रांक 1954 अनु दिनांक 20.02.17

महाशय,

उपरोक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक में कहना है कि उक्त वाद से संबंधित अवशेष कार्य एवं पुर्ननिविदा हेतु नए दर के अंतर राशि 5728843.00 रू. वसूलनीय है जिसमें विभाग पर संवेदक का 4811729.00 रू. जमा है, जिसकी विवरणी नीचे दी गई है।। शेष राशि 917114.00 रू. का अधोहस्ताक्षरी के नाम बैंक ड्राफ्ट (भुगतेय पटना) के माध्यम से यथाशीघ्र जमा करने हेतु निदेशित किया गया है जिसे प्राप्त होते ही यथाशीघ्र अग्रतर कार्रवाई हेतु समर्पित की जाएगी। यह प्रासंगिक विषय विधान सभा के लोक लेखा समिति एवं महालेखाकार का CAG पारा से भी संबंधित है।

संवेदक के जमा राशि का विवरण :–

1- बकाया विपत्र से भुगतेय चेक की राशि	: 1556683.00
2- जमानत जमा के रूप में विपत्र से कटौती की राशि	: 324844.00
3. समय वृद्धि में कटौती की राशि	: 550801.00
4. अग्रधन के रूप में जमा NSC की राशि	: 1148100.00
5. NSC पर प्राप्त ब्याज की राशि	: 1231301.00
कुल योग :	4811729.00

विश्वासभाजन

S/-

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल,
सहरसा।

ज्ञापांक 526 दिनांक 24/3/17

प्रतिलिपि : मुख्य अभियंता –2 ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

24.3.17

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल,
सहरसा।

– 26 –

~~३~~ – 33

(66)

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सहरसा।

पत्रांक ....
प्रेषक,

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, सहरसा।

सेवा में,

शाखा प्रबंधक,
भारतीय स्टेट बैंक,
विश्वेश्वरैया भवन, बेली रोड, पटना।

सहरसा दिनांक ....

विषय : संवेदको के अग्रधन के रूप में जमा राशि को जब्त कर उसका चेक जमा करने के संबंध में।

महाशय,

उपरोक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि इस प्रमंडल के शीर्ष प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्य को संवेदकों लोहा कन्सट्रक्शन, शिवकृष्णा बिल्डर्स, एवं मेसर्स ओम साई इंजिकोन्स द्वारा पूर्ण नहीं करने के कारण एकरारनामा को विखंडित कर उनके अग्रधन एवं जमानत की राशि का चेक निम्न विवरणी के अनुसार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना प्रोग्राम फंड खाता 11111137916 में जमा करने की कृपा की जाय।

Sl.No	Cheque/ D.D No.	Date	Amount	Remarks
1	594069	14.07.17	88322.00	
2	594073	15.07.17	28496.00	
3	594134	26.07.17	35300.00	
4	594151	27.07.17	148230.00	
5 ✓	740635	09.10.17	917114.00 –	
6	004643	07.11.17	1058000.00	
		Total :	**2275462.00**	

विश्वासभाजन

ह०/-
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल,
सहरसा।

ज्ञापांक 1731, दिनांक 11-11-17

प्रतिलिपि : अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी – सह – सचिव ग्रामीण कार्य विभाग, सहकारी भूमि विकास बैंक, तृतीय तल, बुद्ध मार्ग पटना – 1 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

11.11.17
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल,
सहरसा।

-27-

-33-34



केनरा बैंक Canara Bank

ALAMNAGAR 852 219 (4572)

यह लिखत जारी करने की तारीख से तीन महीने तक वैध है। Valid for three months only from the date of instrument

CB D D M M Y Y Y Y

09 10 2017

मांगने पर On Demand Pay

E E K W D WORKS DIVISION SAHARSA

334613004189 740635

को या उनके आदेश पर Or Order मात्र/मूल्य के लिए

रुपये Rupees

NINE LAKH SEVENTEEN THOUSAND ONE HUNDRED AND FOURTEEN ONLY

अदा करें For Value Received

₹ ************917114.00

NOT OVER Rs917114

केनरा बैंक Canara Bank

कृते केनरा बैंक For Canara Bank

Sunil Kumar 64635

56994

प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता AUTH. SIGNATORY	नाम NAME	पदनाम DESIGNATION	हस्ता.सं. S.P. No.	प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता AUTH. SIGNATORY	नाम NAME	पदनाम DESIGNATION	हस्ता.सं. S.P. No.

DRAWEE @ PATNA ACCOUNTS SECTION (1741)

Demand Drafts of ₹ 1 Lakh and above require signature of two authorised signatories. Please sign above

⑈740635⑈ 000015000⑆ 424572⑈ 16

-28-

बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग

पत्रांक–10/अ0प्र0–1–07/16 139 पटना, दिनांक 2·1·18

प्रेषक,

विद्याभूषण सिंह
सरकार के अवर सचिव

सेवा में,

सभी कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना।

विषय–लोक लेखा समिति के प्रतिवेदन संख्या–506 के कंडिका 4.1.5 में समिति द्वारा की गयी अनुशंसाओं के अनुपालन के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में लोक लेखा समिति की प्रतिवेदन संख्या–506 की कंडिका–4.1.5 द्वारा 2007–08 जो ढुलाई पर कपटपूर्ण व्यय से संबंधित है। उक्त कंडिका आपत्ति में अन्य तथ्यों के साथ मुख्य रूप से यह आपत्ति था कि स्टोन मेटल चिप्स की खदान की वास्तविकता सुनिश्चित किए बगैर संवेदक को स्टोन मेटल चिप्स की ढुलाई पर रूपये का भुगतान कर प्रमंडल द्वारा संवेदक का पक्ष लिया गया।

लोक लेखा समिति द्वारा उक्त कंडिका के विषयवस्तु के संबंध में यह निदेश दिया गया है कि भविष्य में इस प्रकार की गलती का पुनर्रावृति न हों।

अतः समिति के उक्त निदेश के आलोक में भविष्य में इसकी पुनरावृति न हो इसका ध्यान रखा जाय।

विश्वासभाजन

28.12.17
सरकार के अवर सचिव

ज्ञापांक 10/अ0प्र0–1–07/16 139 पटना, दिनांक–2·1·18

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

उन्हें निदेश दिया जाता है कि अविलम्ब संबंधित पदाधिकारी के ई–मेल के माध्यम से सूचना भेज दी जाय।

28.12.17
सरकार के अवर सचिव

-29-

REGISTERED POST 35 - 36

संख्या No. लो.ले.स./प्रा.का.वि./रा.टी.स./18-19/885/08

भारतीय लेखा तथा लेखा परीक्षा विभाग
कार्यालय, महालेखाकार (लेखापरीक्षा), बिहार
वीरचन्द पटेल मार्ग, पटना-800 001
Indian Audit & Accounts Department
Office of the Accountant General (Audit), Bihar
Birchand Patel Marg, Patna-800 001

सत्यमेव जयते

दिनांक/Date : 26.04.2018

सेवा में,

सरकार के उप सचिव,
ग्रामीण कार्य विभाग,
बिहार, पटना।

विषयः– कार्यान्वयन प्रतिवेदन के संबंध में।

प्रसंगः– आपका ज्ञापांक– 10/अ0प्र0–1–11/16–1095, दिनांक– 29.01.2018.

महाशय,

निदेशानुसार सूचित करना है कि आपके द्वारा लोक लेखा समिति के प्रतिवेदन संख्या 506 में समिति के द्वारा वर्ष 2008–09 की कंडिका संख्या–2.1.6 पर की गई अनुशंसाओं के आलोक में प्रेषित कार्यान्वयन प्रतिवेदन की समीक्षा की गई है एवं सम्परीक्षण टिप्पणी अंकित की गई है।

कार्यान्वयन प्रतिवेदन पर अंकित संपरीक्षण टिप्पणी संलग्न कर आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित की जाती है।

5010

अवर सचिव कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, पत्र प्राप्ति, 8 MAY 2018, 3192, संख्या, बिहार पटना

अनुलग्नक :– यथोपरि।

भवदीय,

(हस्ताक्षर)
26.04.18
वरीय लेखापरीक्षा अधिकारी
लोक लेखा समिति अनुभाग।

15.5.18

2831/84
15.5.18

फोन/Phone - 2221226, 2221941, 2223725, 2223194, 2506091, 2506283
फै./Fax : 0612-250 6223, 2506207 ई.मेल/E-mail-agaubihar@cag.gov.in
ई.पी.ए.बी.एक्स./EPABX-2223757, 2228320
पो॰ बॉक्स/P.B.No.-47

-30-

-36- 37

ANNEXURE

लोक लेखा समिति के प्रतिवेदन संख्या	विभाग का नाम	कंडिका संख्या	प्रतिवेदन वर्ष	सम्परीक्षण टिप्पणीयाँ
506	ग्रामीण कार्य विभाग	2.1.6 (सिविल)	2008–09	ज्ञापांक 1095 दिनांक 29.01.2018 समिति की अनुशंसा के आलोक में विभाग द्वारा सभी कार्यपालक अभियंताओं को मस्टर रौल के संधारण के संदर्भ में पत्रांक 137 दिनांक 02.01.2018 द्वारा निदेश निर्गत किया जा चुका है। अतएव, सम्परीक्षण टिप्पणी अपेक्षित नहीं है।

[signature] 16.05.18

वरीय लेखापरीक्षा अधिकारी
लोक लेखा समिति अनुभाग।

बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग

पत्रांक—10/अ0प्र0—1—11/16 137 पटना, दिनांक 2·1·18

प्रेषक,

विद्याभूषण सिंह
सरकार के अवर सचिव

सेवा में,

सभी कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना।

विषय—लोक लेखा समिति के प्रतिवेदन संख्या—506 के कंडिका 2.1.6 में समिति द्वारा की गयी अनुशंसाओं के अनुपालन के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में लोक लेखा समिति की प्रतिवेदन संख्या—506 की कंडिका—2.1.6 द्वारा 2008—09 जो मास्टर रौल पर कपटपूर्ण भुगतान से संबंधित है। उक्त कंडिका आपत्ति में अन्य तथ्यों के साथ मुख्य रूप से यह आपत्ति था कि सतर्कता विभाग, बिहार सरकार के आदेशानुसार भुगतान की सत्यता सुनिश्चित करने हेतु मास्टर रॉल पर श्रमिकों की विवरण यथा नाम, पिता/पति का नाम, गाँव एवं पूरा पता दर्ज किया जाना था। इसके अलावे बिहार लोक कार्य लेखा संहिता के नियम के 227 के अनुसार मास्टर रॉल प्रपत्र—21 में तैयार किया जाना था।

उक्त के संबंध में कार्यपालक अभियंता द्वारा पर्यवेक्षण नहीं किए जाने तथा सतर्कता विभाग के आदेश का अनुपालन नहीं किए जाने के कारण 2.68 लाख रूपये का कपटपूर्ण भुगतान सी0ए0जी0 द्वारा प्रतिवेदित किया गया।

लोक लेखा समिति द्वारा उक्त कंडिका के विषयवस्तु के संबंध में यह निदेश दिया गया है कि भविष्य में इस प्रकार की गलती का पुनर्वृत्ति न हो।

अतः समिति के उक्त निदेश के आलोक में भविष्य में इसकी पुनरावृति न हो इसका ध्यान रखा जाय।

विश्वासभाजन

सरकार के अवर सचिव

ज्ञापांक 10/अ0प्र0—1—11/16 137 पटना, दिनांक— 02·01·18

प्रतिलिपि— आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

उन्हें निदेश दिया जाता है कि अविलम्ब संबंधित पदाधिकारी के ई—मेल के माध्यम से सूचना भेज दी जाय।

सरकार के अवर सचिव

प्रतिवेदन संख्या–529

क्रमांक	वर्ष	कंडिका	समिति की अनुशंसा	प्रतिवेदन में अनुशंसा का पृष्ठ संख्या	विभागीय कार्यान्वयन की स्थिति	अभियुक्ति
1	2	3	4	5	6	7
1	2011–12	कंडिका संख्या–5.1.1	समिति द्वारा महालेखाकार वित्त विभाग की सहमति से इस कंडिका को इस निदेश के साथ निष्पादित किया गया कि भविष्य में इस तरह की गलती की पुनर्रावृति न हों।	पृष्ठ– 4	समिति के अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक 169 दिनांक 03.01.2018 (छायाप्रति संलग्न) द्वारा सभी संबंधित को भविष्य में इसकी पुनर्रावृति न हो, इसके संबंध में दिशा–निदेश जारी किया गया है। उक्त के आलोक में महालेखाकार कार्यालय, बिहार पटना के पत्रांक लो0ले0स0/ग्रा0का0वि/ए0टी0एन0 /16–17/888 दिनांक 05.02.2018 (छायाप्रति संलग्न) द्वारा सम्परीक्षण टिप्पणी दर्ज कर उपलब्ध कराया गया है। उक्त सम्परीक्षण टिप्पणी में उल्लेख किया गया है कि समिति के अनुशंसा के आलोक में विभाग द्वारा दिशा–निर्देश भी जारी कर दिया गया है तथा समिति द्वारा कंडिका को निष्पादित किया जा चुका है। इस प्रकार विभाग समिति के द्वारा किये गये अनुशंसा का पूर्णरूप से अनुपालन कर लिया गया है। अतः वर्णित तथ्यों के आलोक में अनुरोध है कि इस कंडिका को पूर्ण रूप से विलोपित करने की कृपा कीं जाय।	

क्रम – 40 | 17

संख्या/No. ओ॰ले॰प॰/ग्रा॰का॰वि॰/स्टी॰प॰/ 16-17/886

भारतीय लेखा तथा लेखा परीक्षा विभाग
कार्यालय, महालेखाकार (लेखापरीक्षा), बिहार
वीरचन्द पटेल मार्ग, पटना-800 001
Indian Audit & Accounts Department
Office of the Accountant General (Audit), Bihar
Birchand Patel Marg, Patna-800 001

दिनांक/Date : 05.02.2018

सेवा में,

सरकार के उप सचिव,
ग्रामीण कार्य विभाग,
बिहार, पटना।

विषयः– कार्यान्वयन प्रतिवेदन के संबंध में।

प्रसंगः– आपका पत्रांक– 10/अ0प्र0–1–13/16–789, दिनांक– 17.01.2018.

महाशय,

निदेशानुसार सूचित करना है कि आपके द्वारा लोक लेखा समिति के प्रतिवेदन संख्या 529 में समिति के द्वारा वर्ष 2011–12 की कंडिका संख्या– 5.1.1 पर की गई अनुशंसाओं के आलोक में प्रेषित कार्यान्वयन प्रतिवेदन की समीक्षा की गई है एवं सम्परीक्षण टिप्पणी अंकित की गई है।

कार्यान्वयन प्रतिवेदन पर अंकित संपरीक्षण टिप्पणी संलग्न कर आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित की जाती है।

अनुलग्नक :– यथोपरि।

विश्वासभाजन

05.02.18

वरीय लेखापरीक्षा अधिकारी
लोक लेखा समिति अनुभाग।

S.O.10
895/24
3/2/18

9/2/18

दूरभाष/Phone - 2221226, 2221941, 2223725, 2223194, 2506091, 2506283   ई.पी.ए.बी.एक्स./EPABX-2223757, 2228320
फैक्स/Fax : 0612-250 6223, 2506207   ई.मेल/E-mail-agaubihar@cag.gov.in   पो॰ बॉक्स/P.B.No.-47

-34-

-40-41

ANNEXURE

लोक लेखा समिति के प्रतिवेदन संख्या	विभाग का नाम	कंडिका संख्या	प्रतिवेदन वर्ष	सम्परीक्षण टिप्पणीयाँ
529	ग्रामीण कार्य विभाग	5.1.1	2011-12 (सिविल)	लोक लेखा समिति के प्रतिवेदन संख्या 529 के द्वारा कंडिका को निष्पादित किया जा चुका है तथा समिति की अनुशंसा के आलोक में विभाग द्वारा दिशा-निर्देश भी जारी कर दिया गया है।

05.02.18

वरीय लेखापरीक्षा अधिकारी
लोक लेखा समिति अनुभाग।

-35-

-42-

175

बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग

पत्रांक–10/अ0प्र0–1–13/2016 169 /पटना, दिनांक– 3.1.18

प्रेषक,

विद्याभूषण सिंह,
सरकार के अवर सचिव।

सेवा में,

अवर सचिव (प्रभारी प्रशाखा–14)
निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी
सभी कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना।

विषय– लोक लेखा समिति के प्रतिवेदन सं0–529 से संबंधित कंडिका 5.1.1 में समिति द्वारा की गयी अनुशंसाओं के कार्यान्वयन के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि लोक लेखा समिति की अंकेक्षण प्रतिवेदन 2011–12 की कंडिका 5.1.1 में समिति के अनुशंसा के आलोक में सुनिश्चित किया जाये कि निबंधन हेतु बैंक ड्राफ्ट नियमानुसार एवं ससमय संधारित कर सरकारी खाते में जमा किये जाये। इस निदेश का पूर्णतः पालन करते हुए ध्यान रखा जाये कि भविष्य में पूर्व की गलती की पुनरावृति नहीं हो, अन्यथा दोषी पदाधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी।

विश्वासभाजन,
03.01.18
सरकार के अवर सचिव।

मुनेश्वर–03.01.18

प्रतिवेदन संख्या–529

क्रमांक	वर्ष	कंडिका	समिति की अनुशंसा	प्रतिवेदन में अनुशंसा का पृष्ठ संख्या	विभागीय कार्यान्वयन की स्थिति	अभियुक्ति
1	2	3	4	5	6	7
2	2011–12	5.2.2	इस कंडिका को इस निदेश के साथ निष्पादित किया गया कि भविष्य में जब भी इस तरह के कंसलटेंट बहाल किये जाये तो विभाग द्वारा उसका कार्य का प्रोपर मोनिटरिंग हो एवं पुल का निर्माण शीघ्र पूरा कराया जाय।	6/प0	समिति के अनुशसा के आलोक में विभागीय पत्रांक 6820 अनु0 दिनांक 26.06.2018 द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन बिहार विधान सभा सचिवालय, महालेखाकार कार्यालय एवं वित्त विभाग, बिहार पटना को प्रेषित की गयी थी जिसके आलोक में महालेखाकार कार्यालय, बिहार पटना द्वारा अपने पत्रांक लो0ले0स0/ग्रा0का0वि0/ए0टी0एन0/18–19/888 दिनांक 10.08.2018 (छायाप्रति संलग्न) द्वारा अंतिम रूप से सम्परीक्षण टिप्पणी उपलब्ध कराया गया है। उक्त सम्परीक्षण टिप्पणी में प्रतिवेदित है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत ग्रामीण कार्य प्रमंडल औरंगाबाद के अन्तर्गत रफीगंज से बलिगांव पथ के बीच में नदी के चैनलों में दो पुलों का निर्माण नहीं किया गया। इसके कारण रफीगंज से बलिगाँव पथ पर अवस्थित सभी बसावटों को बारहमासी सम्पर्कता नहीं प्रदान किये जाने संबंधी आपत्ति की गयी थी। उक्त आपत्ति के आलोक में विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये नजरी नक्शा के अनुसार नदी के दोनो चैनल पर पुल का निर्माण किया जा चुका है। पी0एम0जी0एस0वाई0 के अन्तर्गत अन्य सड़कों के माध्यम से भी आपत्ति बसावटों की सड़क सम्पर्कता बहाल कर दी गयी है। उपरोक्त के आलोक में महालेखाकार कार्यालय द्वारा उक्त कंडिका को अंतिम रूप से निष्पादित करने हेतु समिति से अनुशंसा भी की गयी है। अतः उपरोक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में अनुरोध है कि इस कंडिका को अंतिम रूप से निष्पादित करने की कृपा की जाय।	

-37-

-44-

संख्या/No. लो.ले.स./ग्रा.का.वि./का.प्र./13-19/117

भारतीय लेखा तथा लेखा परीक्षा विभाग
कार्यालय, प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा), बिहार
वीरचन्द पटेल मार्ग, पटना-800 001
Indian Audit & Accounts Department
Office of the Principal Accountant General (Audit), Bihar
Birchand Patel Marg, Patna-800 001

दिनांक/Date : 10.08.2018

सेवा में,

सरकार के अवर सचिव,
ग्रामीण कार्य विभाग,
बिहार, पटना।

विषयः- कार्यान्वयन प्रतिवेदन के संबंध में।

प्रसंगः- आपका पत्रांक-10/अ0प्र0-1-12/16-8370, दिनांक-27.07.2018.

महाशय,

निदेशानुसार सूचित करना है कि आपके द्वारा लोक लेखा समिति के प्रतिवेदन संख्या 529 में समिति के द्वारा दर्ज 2011-12 की कंडिका संख्या- 5.2.2 पर की गई अनुशंसाओं के आलोक में प्रेषित कार्यान्वयन प्रतिवेदन की समीक्षा की गई है एवं सम्परीक्षण टिप्पणी अंकित की गई है।

कार्यान्वयन प्रतिवेदन पर अंकित सम्परीक्षण टिप्पणी संलग्न कर आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित की जाती है।

अनुलग्नक :- यथोपरि।

20 AUG 2018
5958

भवदीय,

10.08.18
वरीय लेखापरीक्षा अधिकारी
लोक लेखा समिति अनुभाग।

9.8.18

29.8.18

फोन/Phone - 2221226, 2506091, 2223194, 2221941, 2223725, 2506283 ई.पी.ए.बी.एक्स./EPABX-2223757
फैक्स/Fax : 0612-250 6223,2506174 ई.मेल/E-mail- agaubihar@cag.gov.in, पो. बॉक्स/P.B.

-38-

~~44~~ -45

(64

ANNEXURE

लोक लेखा समिति के प्रतिवेदन संख्या	विभाग का नाम	कंडिका संख्या	प्रतिवेदन वर्ष	सम्परीक्षण टिप्पणी
529	ग्रामीण कार्य विभाग	5.2.2	2011-12 (सिविल)	**पत्रांक 8370 दिनांक 27.07.2018** कंडिका के अनुसार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत ग्रामीण कार्य प्रमण्डल, औरंगाबाद के अंतर्गत रफीगंज से बलिगाँव पथ के बीच में नदी के चैनलों में दो पुलों का निर्माण नहीं किया गया था। इसके कारण रफीगंज से बलिगाँव पथ पर अवस्थित सभी बसावटों को बारहमासी सम्पर्कता नहीं प्रदान किए जाने संबंधी आपत्ति की गई थी। विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए नजरी-नक्शा के अनुसार नदी के दोनों चैनलों पर पुल का निर्माण किया जा चुका है तथा पी.एम.जी.एस.वाई. के अंतर्गत अन्य सड़कों के माध्यम से भी आपत्तित बसावटों की सड़क सम्पर्कता बहाल कर दी गई है। [redacted]

10.08.18

वरीय लेखापरीक्षा अधिकारी
लोक लेखा समिति अनुभाग।

प्रतिवेदन संख्या–533

क्रमांक	वर्ष	कंडिका	समिति की अनुशंसा	प्रतिवेदन में अनुशंसा का पृष्ठ संख्या	विभागीय कार्यान्वयन की स्थिति	अभियुक्ति
1	2	3	4	5	6	7
2	2008–09	1.2.8.4	संवेदक से राशि की कटौती की गई, के साक्ष्य का एक प्रतिवेदन विभाग समिति को उपलब्ध करा दे, के निदेश के साथ इस आपत्ति को दिनांक 02 सितम्बर 2013 की बैठक में निष्पादित किया गया	पृ0–16	समिति के अनुशंसा के आलोक में कार्य प्रमंडल मधुबनी, बेनीपट्टी, ढ़ाका, समस्तीपुर, रोसड़ा, बिहारशरीफ एवं हिलसा से संबंधित प्रतिवेदन विभागीय पत्रांक 2790 अनु0 दिनांक 09.03.2018 द्वारा सभा सचिवालय, महालेखाकार कार्यालय एवं वित्त विभाग को प्रेषित किया गया था, जिसके आलोक में महालेखाकार कार्यालय, बिहार पटना द्वारा उक्त कार्य प्रमंडल से संबंधित कतिपय साक्ष्य की मांग की गयी है, जिसे विभागीय पत्रांक 11848 अनु0 दिनांक 28.11.2018 द्वारा महालेखाकार कार्यालय, बिहार पटना को उपलब्ध कराया गया। उक्त के आलोक में महालेखाकार कार्यालय द्वारा विस्तृत समीक्षा की गयी। समीक्षोपरांत महालेखाकार कार्यालय, बिहार पटना ने अपने पत्रांक	

					लो0ले0सं0/ग्रा0का0वि0/ए0टी0एन0–18/2019/88C/211 दिनांक 26.12.2018 द्वारा कार्य प्रमंडलवार पृच्छात्मक सूची निराकरण हेतु उपलब्ध कराया गया है जिसके निराकरण हेतु विभाग स्तर पर कार्रवाई की गयी है तथा एतद् संबंधी प्रतिवेदन भेजे जाने की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।	
3	2008–09	1.2.9.1 (क, ख)	दिनांक 2 सितम्बर 2013 की बैठक में विभागीय उत्तर के आलोक में इस निदेश के साथ कि " विभागीय सचिव पूरे राज्य में देख लें कि जहाँ भी इस तरह की गलती हो रही हो तो संवेदक और अभियंता पर कार्रवाई करे" उक्त कंडिका को निष्पादित किया गया।	पृ0–17	समिति की अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक 538 दिनांक 04.02.2015 द्वारा सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग को लोक लेखा समिति द्वारा उठाये गये आपत्तियों की पुनरावृति नहीं करने के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश जारी किया गया है। इसी क्रम में पुनः विभागीय पत्रांक 1858 दिनांक 16.04.2015 द्वारा सभी कार्यपालक अभियंताओं को पुनः निदेशित किया गया है कि कि कालीकरण हेतु निर्धारित विशिष्टि के अनुसार किसी भी Item का प्रावधान डी0पी0आर0 में न छूटे, इसे सुनिश्चित किया जाए। Base कार्य पूर्ण करने के साथ ही बिना विलंब किये कालीकरण कार्य विशिष्टि के अनुरूप कराना सुनिश्चित किया जाए ताकि ग्रामीण जनता को आवागमन में कठिनाई न हो एंवं ग्रेड–3 क्षतिग्रस्त न हो जाए। यदि इस कार्य को करने में संवेदक द्वारा विलम्ब किया जाता हो तो उनके विरूद्ध पी0डब्लू0डी0 कोड तथा एकरारनामा की शर्तो के आलोक में कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाए। उपरोक्त से संबंधित प्रेषित विभागीय कार्यान्वयन	

					प्रतिवेदन के आलोक में महालेखाकार कार्यालय द्वारा सम्परीक्षण टिप्पणी अंकित कर विभाग को उपलब्ध कराया गया है, जिसमें उनके द्वारा ही अनुशंसा की गयी है कि विभाग द्वारा आवश्यक दिशा–निर्देश जारी कर दिया गया है। इसलिए इस कंडिका को अंतिम रूप से निस्तारित किया जा सकता है। अतः उपरोक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में अनुरोध है कि इस कंडिका को अंतिम रूप से निष्पादित करने की कृपा की जाय।	

—42—

SPEED POST- 49

संख्या लो.ले.स./प्रा.का.वि./प्र.टी.-न/18-19/3840 ।।
No.

भारतीय लेखा तथा लेखा परीक्षा विभाग
कार्यालय, प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा), बिहार
वीरचन्द पटेल मार्ग, पटना-800 001
Indian Audit & Accounts Department
Office of the Principal Accountant General (Audit), Bihar
Birchand Patel Marg, Patna-800 001

दिनांक/Date : 26.12.2018

विशेष सचिव

सचिव,
ग्रामीण कार्य विभाग,
बिहार, पटना।
-800015

विषयः– कार्यान्वयन प्रतिवेदन के संबंध में।

प्रसंगः– आपका पत्रांक– 10/अ0प्र0–1–14/16/11848, दिनांक– 28.11.2018

महाशय,

निदेशानुसार सूचित करना है कि आपके द्वारा लोक लेखा समिति के प्रतिवेदन संख्या 533 में समिति के द्वारा वर्ष 2008–09 (सिविल) की कंडिका संख्या–1.2.8.4 पर की गई अनुशंसा के आलोक में प्रेषित कार्यान्वयन प्रतिवेदन की समीक्षा की गई है एवं सम्परीक्षण टिप्पणी अंकित की गई है।

कार्यान्वयन प्रतिवेदन पर अंकित संपरीक्षण टिप्पणी संलग्न कर आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित की जाती है।

अनुलग्नक :– यथोपरि।

भवदीय,
26.12.18
वरीय लेखापरीक्षा अधिकारी
लोक लेखा समिति।

दूरभाष/Phone - 2221226, 2506091, 2223194, 2221941, 2223725, 2506283 ई.पी.ए.बी.एक्स./EPABX-2223757
फैक्स/Fax : 0612-250 6223,2506174 ई.मेल/E-mail- agaubihar@cag.gov.in, पो० बॉक्स/P.B.No.- 47

-43-

-50-

ANNEXURE

लोक लेखा समिति के प्रतिवेदन संख्या	विभाग का नाम	कंडिका संख्या	प्रतिवेदन वर्ष	सम्परीक्षण टिप्पणीयाँ
533	ग्रामीण कार्य विभाग	1.2.8.4	2008–09 (सिविल)	ज्ञापांक 11848 दिनांक 28.11.2018 सभी 37 मामलों को संवीक्षीत कर लेखापरीक्षा अभियुक्ति संलग्न परिशिष्ट में अंकित किया गया है। संवीक्षा के अनुसार चार मामलों (12, 16, 04 एवं 82 F2, RWD, Madhubani) का अनुपालन प्रतिवेदन अबतक नहीं भेजा गया है। एक मामले (82F2, RWD, Biharsarif) में साक्ष्य संलग्न है तथा संतोषजनक है। बाकी 32 मामलों में संवेदकों को time extension देने की चर्चा की गई है तथा उससे संबंधित पत्र भी उपलब्ध कराया गया है। परंतु, संवेदकों द्वारा time extension के लिए सौंपे गए आवेदन तथा अंतिम मापी पुस्तिका की प्रति उपलब्ध नहीं कराए गए हैं जिससे यह ज्ञात हो सके कि संवेदकों ने time extension हेतु F2 agreement के Clause (5) के अनुसार ससमय अनुरोध किया था अथवा नहीं तथा क्या time extension दिए जाने के बाद उनके द्वारा उसी अवधि के अंदर कार्य पूर्ण करा लिया गया था। उक्त दस्तावेजों को उपलब्ध कराए जाने के पश्चात ही कंडिका के अंतिम रूप से निष्पादन हेतु यथोचित मंतव्य दिया जा सकता है।

28.12.18

वरीय लेखापरीक्षा अधिकारी
लोक लेखा समिति अनुभाग।

Annexure-A

लोक लेखा समिति की प्रतिवेदन संख्या–533 की कंडिका–1.2.8.4/2008–09 (सिविल) पर प्राप्त कार्यान्वयन प्रतिवेदन पर सम्परीक्षण टिप्पणी

प्रमंडल का नाम	एकरारनामा सं० (F_2)/वर्ष	एकरारित राशि (₹ लाख में)	क्षतिपूर्ति के रूप में, कटौती की जाने वाली राशि (₹ लाख में)	आपत्तित कंडिका एवं विभागीय अनुपालन के आलोक में अद्यतन कटौती की गई क्षतिपूर्ति की राशि (₹ लाख में)	विभागीय अनुपालन (ज्ञापांक–11848 दिनांक–28.11.2018) की समीक्षा के उपरांत वांछित अभिलेख/अभ्युक्ति
ग्रामीण कार्य प्रमंडल, मधुबनी	83/2006–07	248.93	24.89	10.04	दिनांक–22.07.2009 तक समय वृद्धि की स्वीकृति का साक्ष्य संलग्न। (i) संवेदक द्वारा समयवृद्धि की मांग के संबंध में दिए गए आवेदन की छायाप्रति वांछित। (ii) कार्य के समापन की अंतिम मापी लिए जाने की तिथि के साक्ष्य हेतु संबंधित मापी पुस्त की छायाप्रति वांछित।
	10/2007–08	82.69	8.27	1.73	दिनांक–28.07.2008 तक समय वृद्धि की स्वीकृति का साक्ष्य संलग्न। (i) संवेदक द्वारा समयवृद्धि की मांग के संबंध में दिए गए आवेदन की छायाप्रति वांछित। (ii) कार्य के समापन की अंतिम मापी लिए जाने की तिथि के साक्ष्य हेतु संबंधित मापी पुस्त की छायाप्रति वांछित।
	15/2007–08	168.11	16.81	2.85	दिनांक–05.08.2011 तक समय वृद्धि की स्वीकृति का साक्ष्य संलग्न। (i) संवेदक द्वारा समयवृद्धि की मांग के संबंध में दिए गए आवेदन की छायाप्रति वांछित। (ii) कार्य के समापन की अंतिम मापी लिए जाने की तिथि के साक्ष्य हेतु संबंधित मापी पुस्त की छायाप्रति वांछित।
	12/2007–08	87.89	8.79	4.70	लोक लेखा समिति की अनुशंसा (दिनांक–02.09.2013) के पाँच वर्ष बीत जाने के पश्चात् भी अद्यतन अनुपालन अबतक अप्राप्त।
	16/2007–08	84.26	8.43	1.99	
	04/2007–08	146.79	14.68	1.00	
	82/2006–07	182.14	18.21	6.09	

ग्रामीण कार्य प्रमंडल, बेनीपट्टी	66/2006–07	198.35	19.84	10.32	विभागीय अनुपालन के आलोक में (i) संवेदक द्वारा समयवृद्धि की मांग के संबंध में दिए गए आवेदन की छायाप्रति (ii) समय वृद्धि की स्वीकृति प्रदान किए जाने वाले पत्र की छायाप्रति एवं (iii) कार्य के समापन की अंतिम मापी लिए जाने की तिथि के साक्ष्य हेतु संबंधित मापी पुस्त की छायाप्रति वांछित।
	67/2006–07	103.61	10.36	5.85	
	01/2007–08	149.11	14.91	6.21	
ग्रामीण कार्य प्रमंडल, ढ़ाका	61/2006–07	142.99	14.30	4.69	एकरारनामा वार अनुपालन नहीं दिया गया है। एकरारनामा वार क्षतिपूर्ति राशि की अद्यतन कटौती किये जाने एवं उसका साक्ष्य उपलब्ध कराया जाना अपेक्षित है।
	62/2006–07	66.51	6.65	3.62	
	65/2006–07	131.34	13.13	2.82	
	84/2006–07	118.47	11.85	7.84	
	85/2006–07	227.99	22.80	13.31	
ग्रामीण कार्य प्रमंडल, समस्तीपुर	53/2006–07	79.70	7.97	3.77	कार्य प्रमंडल, समस्तीपुर के संबंध में उपलब्ध कराये गये तीन कार्यों में समयवृद्धि की स्वीकृति प्रदान किए जाने वाले पत्रों की छायाप्रति (मुख्य अभियंता–3, पटना का ज्ञापांक–2961 दिनांक–11.06.2012, अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल, दरभंगा का पत्रांक–100 दिनांक–19.01.2011 एवं पत्रांक–99 दिनांक–18.01.2011) उपलब्ध करायी गयी है, परंतु उक्त तीनों कार्य किस एकरारनामा संख्या/वर्ष से संबंधित है, उल्लेखित नहीं है। इस संबंध में आपत्ति कंडिका में शामिल पाँचों एकरारनामों से कटौती की गई समयवृद्धि की राशि (साक्ष्य सहित) अथवा उक्त कार्यों में समयवृद्धि की स्वीकृति प्रदान किए जाने का साक्ष्य, उनके समापन की अंतिम मापी लिए जाने की तिथि सहित साक्ष्य के रूप में संबंधित मापी पुस्त की छायाप्रति उपलब्ध कराया जाना अपेक्षित है।
	45/2006–07	53.20	5.32	2.69	
	47/2006–07	81.20	8.12	3.22	
	46/2006–07	85.60	8.56	3.66	
	01/2007–08	141.60	14.16	7.76	
ग्रामीण कार्य प्रमंडल, रोसड़ा	73/2006–07	39.28	3.93	1.95	कंडिका में उल्लेखित क्षतिपूर्ति की कटौती की जाने वाली कुल राशि ₹ 62.08 लाख के विरूद्ध कुल ₹ 28.46 लाख की क्षतिपूर्ति राशि की कटौती किए जाने का साक्ष्य के रूप में चालू विपत्रों की छायाप्रति उपलब्ध करायी गयी है। शेष बची राशि ₹ 33.62 (₹ 62.08–28.46) की वसूली हेतु की जा रही कार्रवाई से साक्ष्य सहित अवगत कराया जाय।
	74/2006–07	67.18	6.72	4.13	
	01/2007–08	190.57	19.06	7.37	
	10/2007–08	323.66	32.37	15.01	

ग्रामीण कार्य प्रमंडल, बिहारशरीफ	65/2006-07	118.00	11.80	5.25	उक्त दोनों एकरारनामों में समयवृद्धि की स्वीकृति प्रदान किए जाने संबंधी पत्र की छायाप्रति संलग्न नहीं पायी गयी। पत्रों की छायाप्रति तथा उक्त दोनों एकरारनामों में कार्य की समापन की अंतिम मापी लिए जाने की तिथि का साक्ष्य के रूप में संबंधित मापीपुस्त की छायाप्रति उपलब्ध कराया जाय। साथ ही, संवेदक द्वारा समयवृद्धि की मांग के संबंध में दिए गए आवेदन की छायाप्रति वांछित है।
	08/2007-08	146.59	14.66	8.42	
	82/2006-07	45.90	4.59	—	एकरारनामा सं0-82एफ2/ 2006-07 के संदर्भ में कार्य की समाप्ति (दिनांक 15.09.2007 को) समय पर किए जाने का साक्ष्य के रूप में मापीपुस्त की छायाप्रति संलग्न की गई है एवं संतोषजनक है।
	01/2007-08	105.11	10.51	5.72	उक्त चारों एकरारनामों के कार्यों में समयवृद्धि की स्वीकृति प्रदान किए जाने का साक्ष्य उपलब्ध कराया गया। इस संबंध में उक्त एकरारनामों के कार्यों के समापन की अंतिम मापी लिए जाने की तिथि का साक्ष्य के रूप में संबंधित मापीपुस्त की छायाप्रति उपलब्ध कराया जाना अपेक्षित है। साथ ही, संवेदक द्वारा समयवृद्धि की मांग के संबंध में दिए गए आवेदन की छायाप्रति वांछित है।
	03/2007-08	160.21	16.02	10.96	
	05/2007-08	98.85	9.89	6.57	
	09/2007-08	145.89	14.59	10.60	
ग्रामीण कार्य प्रमंडल, हिलसा	49/2006-07	37.62	3.76	0.54	उक्त चारों एकरारनामों के कार्यों में समयवृद्धि की स्वीकृति प्रदान किए जाने का साक्ष्य उपलब्ध कराया गया। इस संबंध में उक्त एकरारनामों के कार्यों के समापन की अंतिम मापी लिए जाने की तिथि का साक्ष्य के रूप में संबंधित मापीपुस्त की छायाप्रति उपलब्ध कराया जाना अपेक्षित है। साथ ही, संवेदक द्वारा समयवृद्धि की मांग के संबंध में दिए गए आवेदन की छायाप्रति वांछित है।
	53/2006-07	64.15	6.42	2.87	
	60/2006-07	157.94	15.79	7.16	
	63/2006-07	96.45	9.65	6.45	
	51/2006-07	58.31	5.83	0.98	शेष बची राशि ₹ 4.85 लाख की वसूली की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया जाय।
	07/2007-08	30.04	3.00	1.35	शेष बची राशि ₹ 1.65 लाख की वसूली की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया जाय।

-47-

-54-

A-13

ग्रामीण कार्य विभाग

बिहार ग्रामीण पथ विकास अभिकरण

पत्रांक– 10/अ0प्र0–1–14/16 11848 /पटना, दिनांक–28.11.18

प्रेषक,

विनय कुमार, भा० प्र० से०,
सचिव,
ग्रामीण कार्य विभाग।

सेवा में,

वरीय लेखा परीक्षा अधिकारी,
लोक लेखा समिति अनुभाग,
महालेखाकार कार्यालय,
बिहार, पटना।

विषयः– लोक लेखा समिति के प्रतिवेदन संख्या–533 की कंडिका संख्या–1.2.8.4/2008–09 (सिविल) में की गयी अनुशंसा के कार्यान्वियन प्रतिवेदन के संबंध में।

प्रसंगः– आपका का पत्रांक लो0ले0स0/ग्रा0का0वि0/ए0टी0ए0/2018–19 /88A/10 दिनांक 26.04.2018 एवं पत्रांक लो0ले0स0/ग्रा0का0वि0/ए0टी0ए0/2018–19/88C/135 दिनांक 28.09.2018

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में प्रतिवेदन संख्या–533 के कंडिका संख्या–1.2.8.4/2008–09 (सिविल) के संबंध में टिप्पणी किया गया है कि कार्य प्रमण्डल बेनीपट्टी, रोसड़ा एवं हिलसा के द्वारा वसूली का साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराया गया है। साथ ही मधुबनी, ढ़ाका, समस्तीपुर एवं बिहारशरीफ कार्य प्रमण्डलों का अनुपालन प्रतिवेदन साक्ष्य सहित उपलब्ध कराया जाना अपेक्षित है। उसके बाद ही इस कंडिका के निरस्तीकरण के संबंध में कोई टिप्पणी किया जा पाना संभव होगा।

उक्त सम्परीक्षण टिप्पणी के आलोक में कार्य प्रमण्डल, मधुबनी, रोसड़ा, समस्तीपुर, बेनीपट्टी, बिहारशरीफ, हिलसा एवं ढ़ाका से प्राप्त प्रतिवेदन साक्ष्य सहित संकलित कर आवश्यक अग्रेतर कार्रवाई हेतु उपलब्ध करायी जा रही है।

अनुरोध है कि प्रतिवेदन संख्या–533 के कंडिका संख्या– 1.2.8.4/2008–09 (सिविल) को विलोपित करने की कृपा की जाय।

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन

28/11/18

(विनय कुमार)

-48-
R.P -55-

संख्या No. लो.ले.स./ग्रा.का.वि./ए.टी.आर./18-19/869/10

भारतीय लेखा तथा लेखा परीक्षा विभाग
कार्यालय, महालेखाकार (लेखापरीक्षा), बिहार
वीरचन्द पटेल मार्ग, पटना-800 001
Indian Audit & Accounts Department
Office of the Accountant General (Audit), Bihar
Birchand Patel Marg, Patna-800 001

दिनांक/Date : 26.04.2018

सेवा में,

सरकार के उप सचिव,
ग्रामीण कार्य विभाग,
बिहार, पटना।

विषयः- कार्यान्वयन प्रतिवेदन के संबंध में।

प्रसंगः- आपका ज्ञापांक- 10/अ0प्र0-1-14/16-2790, दिनांक- 09.03.2018.

महाशय,

निदेशानुसार सूचित करना है कि आपके द्वारा लोक लेखा समिति के प्रतिवेदन संख्या 533 में समिति के द्वारा वर्ष 2008-09 की कंडिका संख्या-1.2.8.4 एवं 1.2.9.1 पर की गई अनुशंसाओं के आलोक में प्रेषित कार्यान्वयन प्रतिवेदन की समीक्षा की गई है एवं सम्परीक्षण टिप्पणी अंकित की गई है।

कार्यान्वयन प्रतिवेदन पर अंकित संपरीक्षण टिप्पणी संलग्न कर आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित की जाती है।

अनुलग्नक :- यथोपरि।

भवदीय,

26.04.18

वरीय लेखापरीक्षा अधिकारी
लोक लेखा समिति अनुभाग।

अवर सचिव ग्रामीण कार्य विभाग पत्र प्राप्ति 8 MAY 2018 2049 बिहार पटना

15.5.18

286/504
16.5.18

-49-

ANNEXURE

लोक लेखा समिति के प्रतिवेदन संख्या	विभाग का नाम	कंडिका संख्या	प्रतिवेदन वर्ष	सम्परीक्षण टिप्पणीयाँ
533	ग्रामीण कार्य विभाग	1.2.8.4	2008-09 (सिविल)	ज्ञापांक 2790 दिनांक 09.03.2018 बेगीपट्टी, रोसड़ा एवं हिलसा प्रमंडलों के संबंध में वसूली का साक्ष्य उपलब्ध कराया जाना अपेक्षित है। साथ ही, मधुबनी, ढ़ाका, समस्तीपुर एवं बिहार शरीफ प्रमंडलों का अनुपालन प्रतिवेदन साक्ष्य सहित उपलब्ध कराया जाना अपेक्षित है। उसके बाद ही इस कंडिका के निरस्तीकरण के संबंध में कोई टिप्पणी किया जा पाना संभव होगा।
533	ग्रामीण कार्य विभाग	1.2.9.1	2008-09 (सिविल)	ज्ञापांक 2790 दिनांक 09.03.2018 (क) लोक लेखा समिति में दिए गए निर्देश के अनुसार ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार सरकार द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया जा चुका है। अतः कंडिका अंतिम रूप से निरस्त की जा सकती है। ज्ञापांक 2790 दिनांक 09.03.2018 (ख) लोक लेखा समिति में दिए गए निर्देश के अनुसार ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार सरकार द्वारा आवश्यक दिशा- निर्देश जारी किया जा चुका है। अतः कंडिका अंतिम रूप से निरस्त की जा सकती है।

26.04.18

वरीय लेखापरीक्षा अधिकारी
लोक लेखा समिति अनुभाग।

-50-

-51-

ग्रामीण कार्य विभाग

बिहार ग्रामीण पथ विकास अभिकरण

पत्रांकः– मु०अ०–04 (मु०) विविध–09–20/09

पटना, दिनांकः–

प्रेषक,

विनय कुमार, भा.प्र.से.
सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग।

सेवा में,

सभी कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल।

उप सचिव-2

17 APR 2015
3082

विषयः–लोक लेखा समिति द्वारा उठाई गई आपत्तियों की पुनरावृत्ति नहीं करने के संबंध में।

प्रसंगः–लोक लेखा समिति का प्रतिवेदन संख्या– 533वाँ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में कहना है कि लोक लेखा समिति के अंकेक्षण प्रतिवेदन (सिविल/राजस्व) वर्ष 2008–09 की आपत्ति 1.2 (1.2.1 से 1.2.12 तक) में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से संबंधित सभी आपत्तियों का निष्पादन कर दिया गया है।

अंकेक्षण के क्रम में जो आपत्ति उठायी गयी थी, उनकी पुनरावृत्ति को रोकने के लिए विभागीय पत्रांक–538 दिनांक–04.02.2015 के द्वारा सभी कार्यपालक अभियंताओं को निदेशित किया गया था।

कृपया निदेश का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही अंकेक्षण प्रतिवेदन की कंडिका–1.2.9.1 के आलोक में पुनः निदेशित किया जाता है कि कालीकरण हेतु Prime Coat, Tack Coat, Premix & Seal Coat में से किसी भी Item का प्रावधान डी0पी0आर0 में न छूटे, इसे सुनिश्चित किया जाए। Base कार्य पूर्ण करने के साथ ही बिना विलंब किये कालीकरण कार्य विशिष्टि के अनुरूप कराना सुनिश्चित किया जाए ताकि ग्रामीण जनता को आवागमन में कठिनाई न हो एवं ग्रेड–3 क्षतिग्रस्त न हो जाए। यदि इस कार्य को करने में संवेदक द्वारा विलम्ब किया जाता हो तो उनके विरूद्ध पी0 डब्लू डी0 कोड तथा एकरारनामा की शर्तो के आलोक में कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाए।

इसे अत्यावश्यक समझा जाए।

विश्वासभाजन

ह0/–
(विनय कुमार)

SO-10

531/D.2
01.4.15

380/30
21.4.15

-31-
-58-

ज्ञापांकः– मु०अ०–04 (मु०) विविध–09–20/09-1858 पटना, दिनांकः– 16·4·15

प्रतिलिपिः– अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(विनय कुमार)

-52-

-59-

(86)

बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग

पत्रांकः– मु0अ0–04 (मु0) विविध–09–20/09 - 538 पटना/दिनांकः– 4.2.15

प्रेषक,

चंचल कुमार, भा0प्र0से0
सचिव

सेवा में,

सभी कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल।

विषयः लोक लेखा समिति द्वारा उठाए गए आपत्तियों की पुनरावृत्ति नहीं करने के संबंध में।

प्रसंग : लोक लेखा समिति का प्रतिवेदन संख्या– 533वाँ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक में कहना है कि ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक के अंकेक्षण प्रतिवेदन (सि0) वर्ष 2008–09 की आपत्ति 1.2 (1.2.1 से 1.2.12 तक) पर लोक लेखा समिति का प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है। प्रतिवेदन के अनुसार मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से संबंधित सभी आपत्तियों का निष्पादन लोक लेखा समिति द्वारा किया जा चुका है। अंकेक्षण के क्रम में जो आपत्ति उठायी गई थी उसका पुनरावृत्ति न हो इसके लिए निम्न निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करना सुनिश्चित किया जाए:–

1. बीड़ क्षमता (Bid Capacity) का सही–सही आकलन कर संवेदक को कार्य आवंटित की जाए।
2. एकरारनामा के प्रावधानों के अनुरूप निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण नहीं करने वाले संवेदकों के चालू विपत्र से दंड स्वरूप नियमानुसार राशि की कटौती की जाए।
3. एकरारनामा के अनुसार कार्यावधि समाप्त होने के पश्चात भी यदि कार्य लंबित रहता हो, तो वैसे संवेदकों को विभाग की Debar सूची में शामिल करने, अगले निविदा में भाग लेने से वंचित करने की कार्रवाई की जाए।
4. Bitumen प्राप्त करने हेतु DO Letter, IOC अथवा HPCL को निश्चित रूप से दी जाए जिसमें संवेदक के नाम, पथ का नाम एवं निर्माण एवं अनुरक्षण कार्य के लिए Bitumen की मात्रा का स्पष्ट उल्लेख हो। प्राप्त Bitumen का Detail मापीपुस्त मे भी दर्ज की जाए।
5. पथ का कालीकरण (Premixing) किए जाने के समय यातायात को रोक दी जाए।

-53-

~~60~~

6. सड़क निर्माण से संबंधित सामग्री के लिए प्रपत्र M एवं N प्राप्त कर ही संवेदको के विपत्र भुगतान की कार्रवाई की जाए।
7. विपत्र से आवश्यक कटौती करते हुए राशि चेक/बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से संबंधित विभाग में जमा कर दी जाए।

विश्वासभाजन

(चंचल कुमार) 4/2/15

ज्ञापांक :– मु0अ0–04 (मु0) विविध–09–20/09-538 पटना/दिनांक :– 4.2.15

प्रतिलिपि :– अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्य हेतु प्रेषित।

(चंचल कुमार) 4/2/15

ज्ञापांक :– मु0अ0–04 (मु0) विविध–09–20/09-538 पटना/दिनांक :– 4.2.15

प्रतिलिपि :– प्रधान महालेखाकार (लेखा परीक्षा), बिहार, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

(चंचल कुमार) 4/2/15

बिहार विधान-सभा सचिवालय

पत्र संख्या-2लो0ले0स0-33/20- /वि०स०।

प्रेषक,

भूदेव राय,
निदेशक,
बिहार विधान-सभा, पटना ।

सेवा में,

सचिव,
ग्रामीण कार्य विभाग,
बिहार सरकार, पटना ।

पटना, दिनांक- अगस्त, 2020 ई० ।

विषय:- लोक लेखा समिति के प्रारूप प्रतिवेदन (कार्यान्वयन) संख्या-706 में सन्निहित आँकड़ों के सम्परीक्षण के संबंध में ।

महोदय,

निदेशानुसार सूचित करना है कि लोक लेखा समिति के प्रतिवेदन संख्या-506, 529 एवं 533 में सन्निहित अनुशंसाओं (ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित) के कार्यान्वयन पर समिति का प्रारूप प्रतिवेदन (कार्यान्वयन) संख्या-706 को समिति द्वारा दिनांक-12.06.2020 की बैठक में सर्वसम्मति से पारित किया गया है ।

अत: समिति द्वारा पारित प्रतिवेदन की प्रति संलग्न करते हुए अनुरोध है कि इसमें सन्निहित आँकड़ों का सम्परीक्षण कर पत्र प्राप्ति के 15 (पंद्रह) दिनों के अन्दर पारित प्रतिवेदन के वापस नहीं होने पर यह समझा जायेगा कि इसमें निहित आँकड़ें सही हैं एवं प्रतिवेदन का सदन में उपस्थापन संबंधी अग्रेतर कार्रवाई कर ली जायेगी ।

विश्वासभाजन,
ह०/-
(भूदेव राय)
निदेशक,
बिहार विधान-सभा, पटना ।

ज्ञापांक-2लो0ले0स0-33/20-585 /वि०स०, पटना, दिनांक- 07 अगस्त, 2020 ई० ।

प्रति:-प्रधान सचिव, वित्त विभाग, बिहार सरकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

6/8/20
(भूदेव राय)
निदेशक,
बिहार विधान-सभा, पटना ।
6.8.20

बिहार विधान-सभा सचिवालय

स्मार पत्र पत्र संख्या-2लो0ले0स0-33/20- /वि०स०।

प्रेषक,

अनुपमा प्रसाद,
अवर सचिव,
बिहार विधान-सभा, पटना ।

सेवा में,

सचिव,
ग्रामीण कार्य विभाग,
बिहार सरकार, पटना ।

पटना, दिनांक- सितम्बर, 2020 ई० ।

विषय:- लोक लेखा समिति के प्रारूप प्रतिवेदन संख्या-706 में सन्निहित आँकड़ों के सम्परीक्षण के संबंध में ।

प्रसंग:- सभा सचिवालय के पत्रांक-585, दिनांक-07.08.2020 ।

महोदय,

उपर्युक्त विषय एवं प्रसंगाधीन पत्र की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए अनुरोध करना है कि लोक लेखा समिति के प्रारूप प्रतिवेदन संख्या-706 में सन्निहित आँकड़ों का सम्परीक्षण कर इसकी मूल प्रति 7 दिनों के अंदर सभा सचिवालय को वापस करने की कृपा की जाय । ताकि प्रतिवेदन उपस्थापन करने संबंधी अग्रतर कार्रवाई की जा सकेगी ।

विश्वासभाजन,
ह०/-
(अनुपमा प्रसाद)
अवर सचिव,
बिहार विधान-सभा, पटना ।

ज्ञापांक-2लो0ले0स0-33/20- 654 /वि०स०, पटना, दिनांक-22 सितम्बर, 2020 ई० ।

प्रति:-प्रधान सचिव, वित्त विभाग, बिहार सरकार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित ।

अनुपमा 21.9.20

(अनुपमा प्रसाद)
अवर सचिव,
बिहार विधान-सभा, पटना ।
21/9/20

-7-

बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग

पत्रांक– 10/अ0प्र0–1–5/17 4932 भू0 19/10/2020 पटना, दिनांक–

प्रेषक,

प्रवीण कुमार ठाकुर,
अभियंता प्रमुख

सेवा में,

श्री भूदेव राय,
निदेशक,
बिहार विधान सभा,
बिहार, पटना।

विषयः– लोक लेखा समिति के प्रारूप प्रतिवेदन(कार्यान्वयन) संख्या–706 में सन्निहित ऑकड़ों के सम्परीक्षण के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांक 585 दिनांक 07.08.2020 के द्वारा प्रारूप प्रतिवेदन संख्या–706 में सन्निहित ऑकड़ों का सम्परीक्षण हेतु विभाग को उपलब्ध कराया गया था। उक्त प्रारूप प्रतिवेदन में सन्निहित ऑकड़ों का सम्परीक्षण कर लिया गया है तथा इसे अग्रेतर कार्रवाई हेतु मूल रूप में वापस की जा रही है।

कृपया इसे स्वीकार करने की कृपा की जाय।

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन
19/X/2020
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–10/अ0प्र0–1–5/17 पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि–श्री ओम प्रकाश झा, अपर सचिव, वित्त विभाग, बिहार पटना को उनके पत्रांक 4420 दिनांक 31.08.2020 के प्रसंग में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

19/X/2020
अभियंता प्रमुख

बिहार विधान सभा सचिवालय
प्राप्ति तिथि: 20.10.2020
केन्द्रीय डाक सं०: 5718